उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, बलरामपुर
झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

Email Id- cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile No. 9151919684

पत्रांक: 1997/ग्रा0/16/39 दिनांक: 02/11/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय: दैनिक भास्कर समाचार पत्र पोर्टल पर दिनांक: 02.11.2026 को प्रकाशित समाचार " दो साल बाद भी गांव में नल से पानी नहीं:पिपरहवा बिशुनपुर में ग्रामीण कुएं का पानी पीने को मजबूर, समाधान की मांग" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र पोर्टल पर दिनांक: 02.11.2026 को प्रकाशित समाचार " दो साल बाद भी गांव मे नल से पानी नहीं: पिपरहवा बिशुनपुर में ग्रामीण कुएं का पानी पीने को मजबूर, समाधान की मांग " शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जांच आख्या निम्नवत् है-

क्रम	बिन्दु	आख्या
01	तुलसीपुर विकासखंड के पिपरहवा बिशुनपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के करीब दो साल बाद भी नलों से पानी नहीं आया है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए कुएं पर निर्भर रहना पड रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों के मुताबिक, योजना के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाई गई और घरों के बाहर पानी की टोटियां लगाई गईं। उन्हें उम्मीद थी कि घर पर साफ पानी मिलेगा, लेकिन काम पूरा होने के बाद भी नलों से पानी नही आया।गांव के हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके की जमीन पथरीली होने से हैंडपंप लगवाने में परेशानी होती है। ऐसे में ग्रामीण पुराने कुएं का पानी पीने और दूसरे घरेलू कामों में इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं के पानी का इस्तेमाल पीने सहित अन्य घरेलू कार्यों में करना उनकी मजबूरी बन गया है। ग्रामीण मन्ना देवी, सुकी, रामप्रसाद, मुंडन और दीपक ने बताया कि गांव में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत कार्य होने के बाद भी उन्हें पानी के लिए परेशान होना पड रहा है। ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया गया था, लेकिन पाइपलाइन भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। पेयजल की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द पाइपलाइन दुरुस्त कराकर नियमित जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है।	प्रकाशित समाचार विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत पिपरहवा बिशुनपुर से सम्बन्धित है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत पिपरहवा बिशुनपुर में पेयजल योजना ओ0एण्डएम0 के अन्तर्गत संचालित है। पिपरहवा बिशुनपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत 01 नग राजस्व ग्राम को जलापूर्ति की जा रही थी। जूनियर इंजीनियर श्री योगेश प्रजापति द्वारा पेयजल योजना का निरीक्षण कर अवगत कराया गया कि योजना पर लीकेज एवं पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। सम्बन्धित फर्म द्वारा लीकेज एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के मरम्मत हेतु निर्देशित कर दिया गया है। लीकेज एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य 01 सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक / /2026

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0, खण्ड कार्यालय, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner





फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(ग्राम पंचायत पिपरहवा बिशुनपुर, वि0ख0 तुलसीपुर, जनपद–बलरामपुर)

CamScanner